दिनांकः 20.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर पहले चरण के चुनाव के लिए आज से नामांकन पत्र भरे जाएंगे।
- चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव में पहली बार मीडियाकर्मियों को डाक मतपत्र के जरिये वोट डालने की अनुमति दी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में चल रहे स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे।
- खाटूश्याम जी का मुख्य मेला आज–श्रृद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

..................

प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो जाएगी। इसके लिए अधिसूचना जारी हो गयी है। नामांकन भरने की प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी। नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भरे जा सकेंगे। 28 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। 19 अप्रैल को श्रीगंगानगर, बीकानेर, चुरू, नागौर, सीकर, झुंझुनू, अलवर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, भरतपुर, दौसा तथा करौली–धौलपुर लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

..............

नामांकन दाखिल करते समय सामान्य अभ्यर्थी को 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को साढे बारह हजार रुपये ज़मानत राशि जमा करनी होगी। एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है और अधिकतम 2 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकता है।

..................

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने चुनाव के मद्देनजर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियो के नोडल अधिकारियों के साथ कल जयपुर में बैठक की। चुनावी खर्च संबंधी समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री गुप्ता ने बताया कि चुनाव घोषणा के बाद से इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट एप पर 313 जिला नोडल अधिकारी और 2 हजार 156 फ्लाइंग स्कवॉयड टीमों ने काम करना शुरू कर दिया है। लगभग साढे आठ हजार बैंक इस एप के माध्यम से जुड़ गये हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस, आबकारी तथा वन विभाग के चैकपोस्ट अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई कर रहे हैं।

..................

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव में पहली बार मीडियाकर्मियों को डाक मतपत्र के जरिये वोट डालने की अनुमति दे दी है। आयोग ने इस संबंध में एक अधिसूचना प्रकाशित की है। अधिसूचना में बिजली, पानी, रोडवेज, मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल किये गये हैं। गौरतलब है कि पहले, जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग ही पोस्टल बैलेट के जरिए अपना वोट डाल सकते थे। आयोग ने इसके लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने का प्रावधान किया है।

..................

प्रदेशभर में लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। कल जयपुर में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के लिए पहले चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जयपुर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया। ये प्रक्रिया चुनाव आयोग के ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम पर की गई।

इस बीच, विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों में भी तेजी आ गयी है। जयपुर में कल एक निजी संस्थान की ओर से श्रमिकों के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों को सी–विजिल, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य जानकारियां दी गयीं।
बीकानेर में आज स्काउट गाइड्स की ओर मतदाता जागरुकता रैली निकाली जा रही है। इसमें कब और बुलबुल ऊंट और घोड़े पर बैठकर लोगों से वोट डालने की अपील कर रहे हैं। ये रैली जूनागढ़ से होकर लक्ष्मीनाथ मंदिर तक जाएगी।
हनुमानगढ़ के नाईवाला गांव में स्कूली विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला से वोट आकृति बनाकर मतदान का संदेश दिया। झंझुनूं में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सभी ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्राम साथिनों ने महिलाओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया तथा मतदान की शपथ दिलाई।
नागौर के श्रीबालाजी क्षेत्र में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने कल फ्लैग मार्च किया और लोगों से बिना किसी डर के वोट डालने की अपील की।

..................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह ऐसा मंच है, जो स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और उभरते उद्यमियों की दुनिया के संबंधित पक्षों को एक साथ लाता है। गौरतलब है कि तीन दिन का स्टार्टअप महाकुंभ सोमवार को शुरू हुआ था। इसमें एआई, बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग, ई–स्पोर्ट्स, फिनटेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर पर विशेष मंडप बनाए गए हैं। इस आयोजन का उद्देश्य उद्यम पूंजीपतियों, निवेशकों और संबंधित साझेदारों सहित आविष्कारकों के साथ स्टार्टअप को जोडना है।

..................

संघ लोक सेवा आयोग–यू.पी.एस.सी. ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को स्थगित करने का निर्णय लिया है। ये परीक्षा अब 16 जून को आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि यह परीक्षा पहले 26 मई को आयोजित होने वाली थी। आयोग ने लोकसभा चुनावों के कारण परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

..................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये हमारी एक श्रोता का संदेश –

..................

सीकर के खाटूश्याम जी में आज मुख्य मेला भर रहा है। 11 दिन से चल रहे इस मेले में देशभर से आए लाखों श्रद्धालु पहुंचे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाबा श्याम आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

..................

सर्वोच्च न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए को लागू करने पर रोक लगाने से मना कर दिया है। न्यायालय ने पिछले सप्ताह लागू हुए इस कानून को चुनौती देने वाली 237 याचिकाओं के जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को तीन सप्ताह का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़, न्यायाधीश जे. बी. पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा ने मामले की सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

..................